रोजगार मेले में स्टार्टअप के लिए युवाओं को करेंगे प्रेरित

लखनऊ। रोजगार मेलों में अभी तक निजी कंपनियों और बैंकों की ओर से नौकरी दी जाती थी लेकिन, अब रोजगार के साथ ही स्टार्टअप की योजनाओं से जोड़ने के प्रेरित भी किया जाएगा। इससे मिलने वाले लाभ व अन्य जानकारियां दी जाएंगी। ताकि, युवा रोजगार के साथ खुद का स्टार्टअप भी शुरू कर सकें।

सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के अनुसार, सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों में औद्योगिक मांग के आधार पर पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यहां स्टार्टअप उद्यमियों के सृजन के लिए युवाओं को नवाचार और उद्यमिता की बुनियादी शिक्षा से जोड़ा जाता है।

क्षेत्रीय सेवायोजन विभाग की प्लेसमेंट अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी ने बताया कि युवा आत्मनिर्भर बनें, इसके लिए स्वरोजगार से उन्हें जोड़ना जरूरी है। शासन की ओर से ऐसी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिससे जुड़कर युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं। रोजगार मेले में भी युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाता है। (संवाद)